भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5100

24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

नौसेना के हेलीकॉप्टरों की खरीद

5100. श्री ए0 राजा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय नौसेना अपने बेड़े हेतु युटिलिटी नावल हेलीकॉप्टरों की खरीद के प्रक्रियाधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतीय नौसेना हेतु उक्त खरीद हेतु मुख्य चयनित कंपनियों का नाम और ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि एअरबस जो की पहले से ही पूरे विश्व मे कथित रूप से भ्रष्ट व्यवहार के लिए शंका के दायरे में है, उसके भी प्रक्रिया में भाग लेने की संभावना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ग): जी, हां। सामरिक भागीदारी मॉडल के तहत 111 नेवल यूटिलिटी हेलिकॉप्टरों (एनयूएच) की अधिप्राप्ति के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) द्वारा दिनांक 01 नवम्बर, 2018 को आवश्यकता हेतु स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई थी। दिनांक 12 फरवरी, 2019 को मूल उपस्कर विनिर्माताओं एवं सामरिक भागीदारों (एसपी) को अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु अनुरोध (आरईओआई) जारी किए गए थे।

(घ) और (ङ): एनयूएच सहित रक्षा उपस्करों की पूँजीगत अधिप्राप्ति, रक्षा अधिप्राप्ति प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुरूप की जाती है।

*****